बरेली | शनिवार | 29 नवंबर 2014

अमर उजाला

हरियाणा | दिल्ली | चंडीगढ़ | पंजाब | उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | हिमाचल | जम्मू-कश्मीर

महानगर वर्ष 46 अंक 313 पृष्ठ : 20 मूल्य : तीन रुपये

इंसपायर इंटर्नशिप में दी विज्ञान-गणित की जानकारी

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी में इन्सपायर इंटर्नशिप-2014 के दूसरे दिन बीएचयू के प्रो. हरीश चंद्र ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने गणित क्या है पर चर्चा की। बताया कि अक्सर छात्र गणित से घबराते हैं, लेकिन समझने और अभ्यास करने से यह बहुत सरल और सहज विषय हो जाता है। प्रो. संतोष यादव ने गणित, जीव विज्ञान, भौतिकी, रसायन का संदर्भ देते हुए शोध के विभिन्न क्षेत्रों मसलन, पेट्रोलॉजी, मिनरोलॉजी, जियोलॉजी, जियोभौतिकी के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि पृथ्वी के बारे में शोध करते समय खनिज पदार्थों की जानकारी करना जरूरी है और इन खनिज पदार्थों के ज्ञान के लिए रसायन विज्ञान और गणित का ज्ञान होना जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन शिवानी सहगल ने किया। आयोजन में डॉ. प्रभाकर गुप्ता, रतीश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, सुभाष मेहरा, डॉ. एम मुस्तकीम, डॉ. केके तिवारी आदि का सहयोग रहा।